Satya ka Avahan

सत्य का आवाहन

Invoking the Divine

Year 11 Issue 5 September–October 2022
Membership Postage: Rs. 100



Sannyasa Peeth, Munger, Bihar, India

Hari Om

Satya ka Avahan is a bilingual and bi-monthly magazine compiled, composed and published by the sannyasin disciples of Sri Swami Satyananda Saraswati for the benefit of all people who seek health, happiness and enlightenment. It contains the teachings of Sri Swami Sivananda, Sri Swami Satyananda, Swami Niranjanananda and Swami Satyasangananda, along with the programs of Sannyasa Peeth.

Editor: Swami Gyansiddhi Saraswati

Assistant Editor: Swami Shivadhyanam Saraswati

Published by Sannyasa Peeth, c/o Ganga Darshan, Fort, Munger – 811201, Bihar.

Printed at Thomson Press India (Ltd), Haryana

© Sannyasa Peeth 2022

Membership is held on a yearly basis. Late subscriptions include issues from January to December. Please send your requests for application and all correspondence to:

Sannyasa Peeth
Paduka Darshan
PO Ganga Darshan
Fort, Munger, 811201
Bihar, India

✉ A self-addressed, stamped envelope must be sent along with enquiries to ensure a response to your request.

Front cover and plates:

Sri Lakshmi-Narayana Mahayajna 2022, Munger



SATYAM SPEAKS – सत्यम् वाणी

Remember that there has never been a sannyasin, nor will there ever be one, who has not had samskaras, karma and dharma to work through. Please know that when you are working through these times, they may not be pleasant, they may be very hard times, but they can be overcome. You can overcome any and all of them. It depends on you. You must be strong. Do not let them take hold of you. You should know that you can go above them.

—Swami Satyananda Saraswati

याद रखो कि न तो कोई ऐसा संन्यासी आज तक हुआ है और न ही होगा जिसे अपने संस्कारों, कर्मों और धर्मों का सामना न करना पड़ा हो। ऐसे अनुभव बहुत कठिन और चुनौतीपूर्ण हो सकते हैं, पर उन सभी पर विजय प्राप्त की जा सकती है। यह तुम पर निर्भर करता है। तुम्हें मजबूत बनना है, उन्हें खुद पर हावी नहीं होने देना है। यह विश्वास रखो कि तुम उनसे ऊपर उठ सकते हो।

—स्वामी सत्यानन्द सरस्वती

Published and printed by Swami Kaivalyananda Saraswati on behalf of Sannyasa Peeth, Paduka Darshan, PO Ganga Darshan, Fort, Munger – 811201, Bihar.
Printed at Thomson Press India (Ltd), 18/35 Milestone, Delhi Mathura Rd., Faridabad, Haryana.
Owned by Sannyasa Peeth **Editor**: Swami Gyansiddhi Saraswati

Satya ka Avahan
सत्य का आवाहन
Invoking the Divine
Year 11 Issue 5 • September–October 2022

न तु अहं कामये राज्यं न स्वर्गं नापुनर्भवम्। कामये दुःखतप्तानां प्राणिनां आर्त्तिनाशनम्॥

"I do not desire a kingdom or heaven or even liberation. My only desire is to alleviate the misery and affliction of others."

—Rantideva

Contents

2 8 September 2022: The Form of Narayana
3 8 सितम्बर 2022 – संन्यास पीठ
11 9 September 2022: The Mandate
15 9 September 2022: More Than Just Two Dreams
22 10 सितम्बर 2022 – गुरु शिष्य संबंध
26 10 September 2022: Sannyasa
29 11 September 2022: Sannyasa Peeth
32 11 सितम्बर 2022 – आत्मभाव
34 11 September 2022: The Conch
37 11 सितम्बर 2022 – दिव्य शंखनाद
39 12 September 2022: Poornahuti
42 12 सितम्बर 2022 – पूर्णाहुति
44 Sankranti at Sannyasa Peeth

8 September 2022: The Form of Narayana

We had a beautiful start to the Lakshmi-Narayana Mahayajna. Lord Narayana gave an indication of his presence. First, he saw that we were invoking him not with one name, *Narayana*, *Narayana*, *Narayana* or *Vishnu*, *Vishnu*, *Vishnu*. He saw that we were invoking him with a thousand names. So he said, 'Which form is left now? They are calling all my forms.' Yes, we were inviting all his thousand forms.

This thousand has a specific meaning. The *Purusha Suktam* begins with *sahasrashirsha purushaha* – God has thousand heads, *sahasraksha,* thousand eyes, *sahasrapat*, thousand hands and thousand feet. He is in many forms, not just in one form, and therefore he is the all-pervasive energy. When Lord Narayana heard that we were not calling him only by one name, but we were invoking his thousand forms with thousand names, he said, 'I have to be present there somehow,' and he came with a thousand raindrops. When the rain was falling, the whole area looked like a small lake.

Narayana lives in water. His abode is *ksheersagar*, the ocean of water and milk, where he reposes on the serpent Sheshnag. Sheshnag is represented in our body as kundalini, who resides in mooladhara. Narayana is the master of kundalini on top of kundalini in swadhisthana. Then Lakshmiji said, 'If you are going to make everything wet, then what will I do?' He said, 'Well, I go first. You come last in the form of peace, harmony, positivity and contentment.'

During this yajna, we can expect the presence of Narayana. Lakshmi will appear on the last day, not before. The invocation has to be complete and after the invocation, Lakshmi comes and brings us peace, prosperity, happiness, contentment and the joy of fulfilment. ■

8 सितम्बर 2022 – संन्यास पीठ

इस पावन श्रीलक्ष्मीनारायण महायज्ञ में आप सबका स्वागत है, अभिनंदन है। ग्यारह वर्षों से योगनगरी मुंगेर में संन्यास पीठ के परिसर में श्रीलक्ष्मीनारायण महायज्ञ हर्षोल्लास के साथ संपन्न होते आया है। यह तीसरा वर्ष है कि कोरोना महामारी के कारण हमारी योगनगरी के नागरिक बड़ी संख्या में इस यज्ञ में उपस्थित नहीं हो पा रहे हैं, लेकिन इस वर्ष यह प्रयास किया जा रहा है कि योगनगरी के नागरिक कुछ संख्या में प्रतिदिन यहाँ पर आयें और इस यज्ञ के आशीर्वाद एवं संदेश को अपने हृदय में धारण करके समाज में फैलायें। देश और विदेश के भक्त भी नहीं आ पा रहे हैं, लेकिन वे ऑनलाइन प्रस्तुति के माध्यम से इस यज्ञ के साक्षी हैं।

सन् 2009 में हमारे गुरुजी ने संन्यास पीठ की स्थापना का आदेश दिया और इसके पीछे भी एक कहानी है। सन् 2008 में हम जब विदेश की यात्रा से वापस लौटे और गुरुदेव के पास प्रणाम करने के लिये पहुँचे तो उन्होंने कहा, 'निरंजन, तुमने अब यात्रा बहुत कर ली है। अब तक तुम्हारे पैरों में चक्के लगे थे, और योग प्रचार-प्रसार के कार्य में तुमने सहयोग दिया है। अब समय आ रहा है कि तुम एक स्थान में स्थिर हो जाओ और संन्यास को जानने का,

समझने का, आत्मसात् करने का प्रयत्न करो। योग के लिये तुमने अब तक काम किया, अब संन्यास को आत्मसात् करो।'

यही संदेश हमारे परमगुरु, स्वामी शिवानन्द जी ने भी हमारे गुरुदेव को दिया था। उन्होंने कहा था कि विश्व में योग का प्रचार करो, घर-घर तक योग को पहुँचाओ और बीस वर्षों तक काम करने के पश्चात् तुम योग का कार्य समाप्त करके सम्पूर्ण विश्व के लिये, ब्रह्माण्ड के लिये कार्य करना। यही हमारे गुरुदेव, श्री स्वामी सत्यानन्द जी ने एक संकल्प के रूप में किया। सन् 1963 से, जब से योग विद्यालय की स्थापना मुंगेर में होती है, सन् 1983 तक रात और दिन एक करके, देश और विदेश में भ्रमण करके उन्होंने योगविद्या के सनातन संदेश को घर-घर पहुँचाया। उसके पश्चात् वे आश्रम छोड़कर चले जाते हैं और तपस्या में रत होते हैं, क्योंकि ऐसा ही उनके गुरुदेव का आदेश था। फिर वे ब्रह्माण्ड के लिये काम करते हैं।

जाने के पूर्व, सन् 2009 में उन्होंने हमें भी आदेश दिया। सन् 2008 में हम बिहार योग विद्यालय के दायित्त्वों से मुक्त हो गये और अगली पीढ़ी को बिहार योग विद्यालय के संचालन का दायित्व सौंपा। उसी समय गुरुदेव ने कहा कि तुम्हारे द्वारा योग का जो कार्य होना था, वह हो गया है। तुमने बहुत बार विश्व का चक्कर काटा है, तुम घर-घर गये हो, विश्वप्रसिद्ध हो गये हो, लेकिन संन्यास में सिद्ध होना बाकी है और अब तुमको आगे वही करना है। उसके पश्चात् सन् 2009 की गुरु पूर्णिमा के पूर्व उन्होंने हमें बुलाकर संन्यास पीठ की स्थापना का आदेश दिया। हमने उनसे पूछा कि मुंगेर में तो एक आश्रम है ही और आप आदेश दे रहे हैं संन्यास पीठ की स्थापना के लिये, वहाँ पर दो आश्रम हो जायेंगे। उन्होंने कहा, 'हाँ, एक योग को समर्पित है और दूसरा संन्यास को।' हमने पूछा कि आप जिस पीठ की स्थापना करने का आदेश हमें दे रहे हैं, उसका प्रयोजन और उद्देश्य क्या रहेगा। उन्होंने कहा, 'साधु के लिये, समाज के लिये और संस्कृति के लिये।'

साधु, समाज और संस्कृति

संन्यास पीठ के ये तीन लक्ष्य हैं। पहला है साधु का उत्थान। साधु का उत्थान कैसे होता है? दीक्षा लेने से या वस्त्र बदलने से किसी का उत्थान नहीं होता। जब तक आंतरिक परिवर्तन न हो, जब तक मोह-माया के बंधन से हम स्वयं को मुक्त न कर सकें तब तक यह सम्भव नहीं। लेकिन हर व्यक्ति सोचता है

मोह-माया से मुक्त होने का मतलब घर-परिवार-संसार को छोड़ देना। जिनको मालूम नहीं, वे ऐसा सोच सकते हैं। हमने भी अपना घर-परिवार छोड़ा है, लेकिन एक बड़े घर में आये हैं और एक बड़े परिवार के साथ हैं। जब साधु घर छोड़ता है, वह माता-पिता, भाई-बहनों का घर होता है, संबंध होता है, लेकिन फिर वह स्वयं को ईश्वर के घर से जोड़ता है, जो सम्पूर्ण पृथ्वी और सृष्टि है। *ईशावास्यमिदं सर्वं यत्किंच जगत्यां जगत्* – सारा जगत् ईश का आवास ही है, और यह सारा जगत् ही एक साधु का घर बनता है। पहले चार से संबंध था, उसके बाद साधु चार करोड़ से संबंध बनाता है। इसलिए साधु का गृह-त्याग नहीं होता, बल्कि उसे तो बड़ा घर मिलता है। उसके परिवार का त्याग नहीं होता, उसको तो बड़ा परिवार मिलता है।

साधु के उत्थान के लिये यह आवश्यक है कि वह एक बार अपने भीतर झाँके, अपने भीतर एक सकारात्मक परिवर्तन को लाकर, जो सत्य पर आधारित है, जो शिव पर आधारित है, अपने जीवन को सुंदर बनाए। यही एक साधु की तपस्या, साधना, लक्ष्य एवं उद्देश्य है। स्वार्थ का त्याग करके निष्काम भाव से वह ईश्वर की सेवा में स्वयं को समर्पित करता है। जब तक स्वार्थ रहता है, हम घर-परिवार और स्वयं की सेवा करते हैं और जब निःस्वार्थ भाव होता है तब हम समाज और ईश्वर की सेवा करते हैं।

श्री स्वामीजी ने समाज के उत्थान के लिये भी कहा, क्योंकि समाज में अशांति, तनाव, परेशानी और चिंता है, तथा इन सब के बोझ से दम भी घुटता है। तनाव, परेशानी, चिंता आदि का बोझ तो हम सब अपने सिर पर लेकर

घूमते ही रहते हैं। कभी व्यवसाय की चिंता, कभी नौकरी की चिंता, कभी स्वजनों की चिंता, कभी आर्थिक चिंता, कभी मरने की चिंता, कभी जीने की चिंता, कभी संतान न होने की चिंता, कभी शादी नहीं होने की चिंता, शादी हो तो उसके बाद भी चिंता – मतलब चिंता और परेशानी से व्यक्ति कब मुक्त होता है? नौकरी न रहे तो भी रोते हैं कि नौकरी नहीं है, नौकरी मिलने पर भी रोते हैं कि अब समय नहीं मिलता है। तनाव और परेशानी से तो व्यक्ति कभी मुक्त नहीं होता है और इसके कारण जीवन, भावनाएँ और विचार कुंठित हो जाते हैं। इनके कुंठित होने से फिर मनुष्य अपने जीवन के लक्ष्य से भ्रमित हो जाता है और दुःख को अपना सगा साथी मानता है।

जब मनीषियों ने इस विषय पर चिंतन किया तो उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति समाज में रहता है, उसके भीतर एक आध्यात्मिक वृत्ति का भी होना आवश्यक है। काम, क्रोध, लोभ, मोह, मद, मात्सर्य आदि तो हमेशा हमारे साथ हैं, लेकिन ये सब नकारात्मक वृत्तियाँ हैं। सकारात्मक वृत्ति कौन सी है, क्या है? सकारात्मक वृत्ति कहलाती है ब्राह्मी वृत्ति, और ब्राह्मी वृत्ति का मतलब होता है – स्वयं को परमसत्ता के साथ जोड़ना, स्वयं को सकारात्मक बनाना और स्वयं को सत्य के साथ जोड़ना। जब हमारे भीतर ब्राह्मी वृत्ति का उदय होता है तब जाकर जीवन में सद्विचार, सद्व्यवहार और सत्कार्य होते हैं। उसके पूर्व आप प्रयास कर लो, लेकिन भाव नहीं आता है। कर्म होता है, लेकिन भाव नहीं आता है और जब भाव आता है और कर्म के साथ जुड़ता है, तब मनुष्य का उत्थान होता है, समाज का विकास होता है। सब समाज के विकास की बात कहते हैं, तो क्या मकान, अस्पताल और स्कूल बनाने से समाज का विकास होता है? या अपनी भावनाओं को समाज से जोड़कर समाज के उत्थान के लिये एक प्रयत्न करने से समाज का विकास होता है?

जब तक आप अपनी भावनाओं को शुद्ध, सकारात्मक एवं रचनात्मक नहीं बनाओगे और उनको समाज-संसार के साथ नहीं जोड़ोगे तब तक समाज का विकास नहीं होगा। यह नई बात नहीं है, सब देखते हैं प्रतिदिन, प्रतिपल। जिस व्यक्ति की नकारात्मक सोच है, उसके द्वारा हमेशा नकारात्मक, विध्वंसक एवं हिंसात्मक कार्य होते हैं, और जिस व्यक्ति की सकारात्मक सोच है, उसके द्वारा जो भी कार्य होता है, वह समाज में शांति, सुख और सद्भावना को लाता है। इसलिये जब हमारे गुरुजी ने आदेश दिया कि संन्यास पीठ का एक लक्ष्य है समाज का उत्थान, तो ऐसा ही विचार मन में आया।

उसके पश्चात् उनकी तीसरी बात थी, संस्कृति का विकास। संस्कृति क्या है? क्या नाच-गाना को ही आप सांस्कृतिक कार्यक्रम मानते हो? नहीं, संस्कृति का मतलब होता है – *सम्यक् कृतिः इति संस्कृतिः*। जब हर व्यक्ति के जीवन की कृतियाँ सम्यक् रूप से होती हैं तो वे संस्कृति का निर्माण करती हैं। *साहित्य-संगीत-कलाविहीनः साक्षात् पशुः पुच्छविषाणहीनः* – हमारे यहाँ कहा जाता है कि संगीत, कला और साहित्य, ये तीन चीजें हैं जो एक मनुष्य के पास होनी चाहिये और अगर ये नहीं हैं तो मनुष्य की वही स्थिति है जैसे बिना पूँछ और सींग के जानवर की होती है। क्या ऐसा जानवर सुंदर दिखता है?

यहाँ पर संगीत, शास्त्र और कला के बारे में जो कहा जा रहा है उसका तात्पर्य क्या है? संगीत का अर्थ होता है – भावों को बढ़ाना, शास्त्र का अर्थ होता है – बुद्धि को बढ़ाना, कला का अर्थ होता है – कार्यशैली को उत्तम बनाना। जब मनुष्य की बुद्धि, भावना और कर्म व्यवस्थित होते हैं तब जाकर जीवन में संस्कृति का निर्माण होता है, अर्थात् अच्छाई, सकारात्मकता और सद्गुणों का विकास होता है। उसके बाद उनकी अभिव्यक्ति होती है हमारे घर, परिवार और समाज में और वहाँ उस अभिव्यक्ति का सकारात्मक असर पड़ता है, इन गुणों को अपनाने के लिये दूसरे लोग प्रेरित होते हैं, तब जाकर संस्कृति का विकास और विस्तार होता है।

संन्यास – अध्यात्म का सम्बल

इन तीन प्रयोजनों की पूर्ति के लिये गुरुदेव ने संन्यास पीठ की स्थापना का आदेश दिया और हमलोगों ने इस दिशा में प्रयास भी किया है। प्राय: जब कोई व्यक्ति संन्यास पीठ का नाम सुनता है तो सोचता है कि संन्यास पीठ में तो सबको संन्यास ही दिया जायेगा। जैसे कोई व्यक्ति योगाश्रम का नाम सुनता है तो मन में एक भाव आता है कि वहाँ पर हम योग सीखेंगे, वैसे ही संन्यास आश्रम का नाम सुनकर विचार आयेगा कि वहाँ पर सबको संन्यास दिया जाता है। लेकिन ऐसी बात नहीं है। संन्यास हमारे देश की एक बहुत ही प्राचीन परिपाटी है, परंपरा है, सकारात्मक जीवनशैली है। हमारा देश सत्युग से कलियुग तक के चारों युगों में भौतिकवाद और अध्यात्मवाद, दोनों में सामंजस्य और संतुलन को लाकर आगे बढ़ा है। जो राष्ट्र भौतिकवाद के चपेट में आये, वे समाप्त हुये हैं। भारतीय सभ्यता आज इसलिये जीवित है क्योंकि इसका आधार भौतिकवाद नहीं, बल्कि अध्यात्मवाद रहा है। हम



हर हाल में खुश हैं, हर परिस्थिति में खुश हैं, अलमस्त हैं। वह हमलोगों का आचरण है। इसलिये हमारे देश में मूल रूप से परंपरा रही है अध्यात्म की, जबकि भौतिकवाद संसार में जीने के लिये एक सहायक तत्त्व है, और कुछ नहीं। उसकी प्राथमिकता नहीं है, वह गौण है।

पाश्चात्य जगत् ने अध्यात्मवाद को पीछे छोड़कर भौतिकवाद को अपनाया है और वहाँ की चमक-दमक को देखकर सब आकर्षित होते हैं, लेकिन जब उन्हें अंदर से देखोगे तो वे खोखले हैं। यह मैं सत्य बात कह रहा हूँ। हमलोग भले ही बाहर से अभावग्रस्त दिखलायी देते हैं, लेकिन भीतर हम सब धनी हैं। यहाँ एक गरीब को खाने को नहीं मिलता है तो कहता है – 'यही ईश्वर की इच्छा थी मेरे लिये' और जीवन में तृप्ति और संतोष का अनुभव करता है। अमेरिका में अगर ऐसे ही गरीब को एक जून खाने को नहीं मिले तो वह बंदूक या छूरा निकालकर, लोगों को मारकर उनकी जेब से पैसा लेकर के रेस्तोराँ में जाकर खाना चाहता है। भौतिकवाद में एक गरीब हत्या करता है और अध्यात्मवाद में गरीब कहता है, 'आज यही ईश्वर की इच्छा थी।' दोनों में कौन उत्तम है? जिसने अध्यात्मवाद से अपना संबंध जोड़ा है, और यह परंपरा शुरू से हमारे यहाँ रही है, सतयुग से लेकर कलियुग तक।

हमारे ऋषि-मुनियों ने हमेशा यह संकेत दिया है कि संसार में सब कुछ करते हुये भी समय निकाल कर तुम स्वयं को अपने भीतर स्थित परमात्मा से जोड़ने का एक प्रयत्न प्रतिदिन अवश्य करो, भले ही पाँच मिनट हो, भले ही नाम लेकर हो। तपस्या नहीं कर सकते हो मत करो, साधना नहीं कर सकते हो मत करो, केवल नाम से ही अपने तार को अपने आराध्य से, ईश्वर से जोड़कर रखो। हमारे मनीषियों को मालूम था कि आनेवाले युग में जब पदार्थवाद का सम्मोहन रहेगा और सब उसकी चपेट में आयेंगे, तब केवल नाम ही आधार एवं आश्रय रहेगा मनुष्य को अपने आराध्य के साथ जोड़ने के लिये।

इसीलिए कहा भी गया है कि 'कलियुग में नाम अधारा'। अगर आपके जीवन में कलियुग नहीं तो आपके लिये तो पूरे अध्यात्म का द्वार खुला हुआ है और अगर आपके जीवन में कलियुग है तो फिर केवल नाम को पकड़कर चलो। यह युग की बात नहीं है, तुम्हारी बात है। कलियुग बाहर नहीं है, अगर तुम अपने जीवन में परिवर्तन ला सकते हो, तो तुम्हारे भीतर सतयुग का उदय हो सकता है, तुम्हारे परिवार, समाज और विश्व में सतयुग आ सकता है, लेकिन अगर तुम सोचोगे कि यह तो युग का कमाल है और मुझे युग की ठोकरों को सहना पड़ेगा तो यह तुम्हारी कमजोरी है। यह युग का प्रभाव नहीं, तुम्हारे भीतर का कलि-कल्मष है। उसको दूर करो और जब तुम्हारे भीतर का कलि-कल्मष दूर हो जायेगा तो स्वतः सतयुग आ सकता है। उसके लिये युगों की, वर्षों की प्रतीक्षा नहीं करनी पड़ेगी।

हमारे मनीषियों, ऋषि-मुनियों और संन्यासियों ने भी यही बात कही है और यह हमारी अध्यात्म की परंपरा को दर्शाता है। जो साधु है वह इस आध्यात्मिक परंपरा को एक जीवनशैली के रूप में अपनाता है। साधु तो कोई भी हो सकता है, एक गृहस्थ भी और एक संन्यासी भी। साधु का मतलब अच्छा और सकारात्मक व्यक्ति, अध्यात्म चिंतन करने वाला व्यक्ति। जो अध्यात्म और भौतिकता में संतुलन बनाकर चलता है वह साधु कहलाता है और साधु के गुणों को अपने जीवन में जागृत करना, समाज में सकारात्मकता को फैलाना तथा संस्कृति को सदाचरण के द्वारा बलवान्, सुदृढ़ बनाना संन्यास पीठ का उद्देश्य है।

इसलिये इस बात को अच्छे से समझ लीजिये कि संन्यास पीठ किसी को संन्यासी बनने के लिये प्रेरित नहीं करता है। अगर बनोगे तो अच्छा है, लेकिन अगर इस शिक्षा को लेकर तुम वापस जाते हो तो फिर एक जागृत मानव के

रूप में समाज में रह पाओगे। किस प्रकार की जागृति? जिसने अपने जीवन से तमस् को दूर कर सत्त्व को स्थापित किया है और सत्त्व के प्रकाश में ही वह रहता है, जीता है, सोचता है, व्यवहार करता है, कर्म करता है, खाता है, पीता है, सोता है।

यह गुरुदेव का आशीर्वाद है विश्व-समाज के लिये कि हम अपने आप को इस आध्यात्मिक प्रवृत्ति से, इस ब्राह्मी वृत्ति से जोड़ सकें। हम हमेशा तो जुड़े रहते हैं काम से, क्रोध से, छल से, कपट से, मद से, मात्सर्य से, लोभ से, घृणा से, और ब्राह्मी वृत्ति कभी नहीं आती है। जब ईश्वर का चिंतन भी करते हैं तो लोभ और कामना ही रहती है, ईर्ष्या-द्वेष का भी अस्तित्व हमारे भीतर रहता है, हम उनसे मुक्त नहीं होते। हम हमेशा काम, क्रोध, लोभ, मोह, मद, मात्सर्य के षड्-रिपुओं के प्रहारों से घायल होते रहते हैं। इन छः शत्रुओं का समाधान होता है ब्राह्मी वृत्ति के द्वारा, जब तुम एक सकारात्मक भाव को अपने भीतर लाते हो। यही हमारे परमगुरु, स्वामी शिवानन्द जी का कथन भी था। वे कहते थे, हर व्यक्ति दिव्य जीवन बिताने में सक्षम है। उनके लिए दिव्य जीवन का आशय हमेशा यही रहता था कि अपने भीतर जो भी तामसिक, नकारात्मक, विध्वंसक और हिंसात्मक है, उन सबसे धीरे-धीरे स्वयं को मुक्त करो और सद्गुणों को अपने जीवन में आश्रय दो। जब सद्गुण तुम्हारे जीवन में आते हैं तब तुम्हारा जीवन स्वतः दिव्य होता है। यही शिक्षा परमगुरु स्वामी शिवानन्द जी की रही, जिनके जन्मदिवस के अवसर पर हमलोग इस पावन श्रीलक्ष्मीनारायण यज्ञ का आयोजन करते हैं।

जब हमने गुरुदेव से पूछा था कि संन्यास पीठ के तीन लक्ष्य तो मिल गये, अब इसके वार्षिक अनुष्ठान, श्रीलक्ष्मीनारायण यज्ञ को कब करना है, तो उन्होंने कहा कि मेरे प्रेरक के अवतरण दिवस पर तुम इस यज्ञ को आरंभ करो और जब उस प्रेरक ने मुझे दिव्य जीवन के आश्रय में स्वीकार किया, उस दिन तुम इस यज्ञ का समापन करो। कितना सुंदर संयोग है यह! 8 सितम्बर हमारे परमगुरु, स्वामी शिवानन्द जी का अवतरण दिवस है और 12 सितम्बर हमारे गुरु, श्री स्वामी सत्यानन्द जी का समर्पण दिवस, संन्यास दिवस है। यह पावन यज्ञ 8 तारीख से शुरू होकर 12 तारीख को समाप्त होता है जिसमें आप लोग शामिल होते हैं और प्रेरणा लेते हैं कि हम भी कुछ सकारात्मक चिंतन, व्यवहार और कर्म को अपनायें। अगर ऐसा होता है तो इस यज्ञ का आशीर्वाद आपको निश्चित रूप से प्राप्त हुआ है। ■

9 September 2022: The Mandate

Lord Narayana is the sustainer of life and is experienced in every aspect of life, from birth until death. Lakshmi, the Cosmic Mother, is the power of life, the happiness, contentment, joy and prosperity. It is under the shade of these two *shaktis* or powers that we live our life from birth to death.

The mandate

In the year 2009, when I had handed over the administrative responsibilities and duties of Bihar School of Yoga to the next generation, my guru, Sri Swamiji, called me and said, "Establish Sannyasa Peeth in Munger." I questioned, "There is already a Yogashram in Munger. Why have another ashram called Sannyasa Peeth?" He said, "This is also a necessary aspect of our sadhana. My guru, Swami Sivanandaji, told me,

'You have come to me at the age of twenty. You will serve me till the age of forty. Then you will work for my mission till the age of sixty, after that you will work for the cosmos till the age of eighty.'"

In Swami Sivanandaji's instructions, we see the progression of Sri Swamiji's spiritual life: education at home; coming to the guru and serving the guru for twenty years; then as per the mandate of the guru, working to propagate the yogic mission for twenty years; and after that renouncing everything and engaging in higher vedic sadhanas to bring peace, harmony and prosperity in the cosmos. This is a clear indication of his journey. None of you who think, 'Oh, I can also follow that path', will be able to accomplish it, for you do not have the mandate of the Master. It is not something that can be achieved by the whim of the mind, it can be achieved when there is total surrender.

Then Sri Swamiji said to me, "For forty years, from the age of ten till the age of fifty, you have been serving me and working for yoga. You have travelled the world many times over and gone to many countries. You have known thousands and thousands of people and become famous. Now you have to renounce everything. You have to stop travelling and stop working for yoga as you did in the past. You have to focus on your sannyasa life. You have to evolve and progress in your sannyasa."

That was the mandate given to me. "In order to evolve and progress in sannyasa life, you need a base. That base cannot be the Yogashram as you have handed over the responsibilities, and to propagate yoga is not your mission anymore. I am not asking you to leave yoga completely. You will have to work for yoga, develop yoga and experience *yoga vidya*, the subject, science and knowledge of yoga, about which you have spoken, yet have had no experience of." This is very true. I asked him, "What will be the path and focus of Sannyasa Peeth?" He said, "The focus is for sadhus, society and culture. Develop and propagate it."

Sadhu

Sadhu means a pious and positive person, who is full of the qualities of compassion, sympathy, cooperation, support, who is kind, sympathetic and loving. A sadhu is not a God-fearing person but a God-loving person. People say that one has to be God-fearing, and think that it means respecting God. How can you fear God? If you respect God, you cannot fear God. If you respect God, you love God. If you do not respect God, then you fear God. There is no such word as God-fearing, yet there is a beautiful word – God-loving. That is sadhu, the pious person, who loves God and works to fulfil the mandate of God.

The mandate of God is not to have twenty children or twenty million or billion in your bank account, it is to serve and love each and every sentient being, and protect the insentient. This is the mandate of God for humanity. It is a statement given by yogis and sannyasins since time immemorial: Love each other. Help each other. Support each other. Be happy, be kind, be compassionate, be loving and be giving. This has been the message conveyed by the spiritual masters throughout the ages. People acknowledge these beautiful words, yet they never follow them in life.

A sadhu is a person who follows the mandate of God and not the whim of the mind. The mandate of God is fulfilled

when one becomes selfless. The whims of the mind are fulfilled when one becomes selfish and self-oriented. Sadhu is a person who has risen above the selfish dimension, the self-oriented nature, and is connected with the selfless nature. He is caring for all of God's children, for humanity, for all sentient beings and not only human beings. This quality has to be cultivated.

Society

According to the Indian tradition, the focus of society is balance between the spiritual and material. If this balance can be maintained, there is upliftment, growth and development of human society. If this balance is not maintained and one becomes attracted too much to the material side or spiritual side, there is conflict of intention and aspiration. If there is conflict of intention and aspiration, there is definitely no harmony. Therefore, in society there has to be a balance between the material and the spiritual aspects of life.

This has been taught in the Upanishads, Vedas and Puranas. Indications have been given on how to live a better life, what to avoid and what to acquire, what to cultivate and what to shun. Our Paramguru, Swami Sivanandaji, has been clear in saying, 'The positive has to be cultivated and the negative has to be transformed. If you cannot transform the negative, ignore it, but focus on the positive.' This is his teaching of pratipaksha bhavana, which is for the development of the society we live in.

Culture

The third focus is culture. What is culture? Is music culture or an expression of culture? Is knowledge and the arts culture or expression of culture? Culture is an expression of the beautiful that you have inside you. It is the expression of the most beautiful nature that you are. That is the truth. If you are obnoxious, negative, destructive, people will say that there is no culture in your life. If you are positive and creative, people will say, 'This person is a cultured person.' Culture always represents the expression of the good, kind and benevolent. ■

9 September 2022: More Than Just Two Dreams



I feel that in some inexplicable way the grace of Guru and the grace of God is here. One has to be sensitive to realize it, yet it is difficult to be sensitive due to the dross of the mind. Everybody cannot experience grace due to the dross of the mind. The experiences happen at the subconscious and unconscious levels. Much later they filter out to the conscious level, and

then people realize that something has happened and some experience has taken place. Otherwise everything remains in the subconscious and unconscious levels.

From Rikhia to Munger

In the night of the 6th after completing our Guru Bhakti Yoga anushthana, I had a dream. In the dream I had gone to Rikhia when Paramahamsaji used to live there in absolute isolation to perform his panchagni sadhana. Nobody was around.

After paying my respects to Paramahamsaji in panchagni, he looks up at me and says, "Prepare the car. I am going to Munger. Take me to Munger." I go to the car park and do not find any car parked there, not even the car in which I had come to Rikhia. The whole place is empty. There is just one scooty. I go back to Paramahamsaji and tell him, "There are no cars. Only one scooty is there." He says, "Doesn't matter. You drive the scooty, I will sit behind you."

As instructed, I start the scooty. He sits behind me. As we are leaving the gates of Akhara, I tell Swami Mantrabindu, "Locate a car so that I can bring Swamiji to Munger in a car and not on scooty. If you locate the car, come as fast as you can. Find us on the road, and we will exchange vehicles." Saying this, I start driving the scooty with Paramahamsaji sitting at the back. When we come down from the mountains to the plains of Bihar, there is a point known as Jalebia More. There I see Swami Mantrabindu holding the reins of a horse. I stop the scooty, "Where is the car?" He says, "I could not find any car, but I have come with a horse." The horse is beautiful. It is white and Arabian looking, tall, slim, fast and beautiful . . . Paramahamsaji looks at the horse and says, "I'll ride on that, I will sit behind you."

So we get on the horse, and the scooty is sent back to Rikhia. Paramahamsaji and I ride to Munger on this white horse. At the outskirts of Munger, there is a T-section. The left side goes to Munger town, and the right side goes to Sita Kund, the warm spring water tank. Mythologically, Sitaji, the consort of Sri

Rama, had taken a bath there. Sita Kund has continuously hot water. The other four tanks besides have cold water and Sita Kund is in the middle. It is a miracle that the other four *kunds* or tanks have cold water, and only one tank has hot water.

I turn the horse to the right side and as we reach Sita Kund, there are thousands and thousands of people from the town of Munger. All the acquaintances we have known since the early or late 1950s to the 1960s and 1970s are present. The present devotees are also present. Some are singing bhajans, some kirtans, some are chanting mantras, some are doing havan. Everybody is waiting for Sri Swamiji to arrive. When they see Paramahamsaji, they come to greet him and he greets everyone. One of the pandits brings a bucket and a mug, and Paramahamsaji takes it, goes to the Sita Kund, sits on the steps of the tank, fills the bucket with the hot water, and with the mug pours the water on his body and has a bath.

While he is having bath, I am looking around as to who has come from Ganga Darshan. I find Sivachittamji, Ratnashakti and Devtattwa. I call them, "Listen, go back to Ganga Darshan. Prepare the 6th floor room where Sri Paramahamsji stayed before leaving the ashram; prepare Vrindavan, the place where I am and which is in isolation; and prepare 3rd floor of Paduka Darshan. Paramahamsaji can stay wherever he wants to." They get in a car which is driven by Rajan, the driver. It is an old, red, bashed-up, dented sports car. I say, "What happened to the ashram cars?" They say, "This is the only car we could find." I say, "All right go back, prepare everything and I will come with Paramahamsaji."

After the bath is over, Paramahamsaji gets up and again climbs on the horse. I sit in front and we start riding the horse towards Ganga Darshan, in a slow pace. The thousands of people who had gathered, follow and the bhajans and kirtans rent the air. It is like a procession of thousands of people from the entire town of Munger. As we enter the town, people come out of their homes and from the rooftops shower flower petals on Paramahamsaji. They come out of their homes to greet him

and in this manner we reach Ganga Darshan. I say to myself, "I'll get down first and help Paramahamsaji get down from the horse." When I turn to Paramahamsaji, he is not there. I was the only one sitting on the horse, I enter the gates of Ganga Darshan, and the dream ends.

This was a dream. I could have said, "Nice dream. I had darshan of my guru, and that's the end of it." It could have been a simple dream, but . . . At around 7 am I receive a message from a person in Bombay, 'I woke up thinking that I have to gift you a Mercedes car,' and along with this message, he sent me the picture of a red Mercedes. In my dream I had seen the red sports car. I said to myself, 'This is a bit of a coincidence.' In my dream, I was looking for a car for Paramahamsaji, and the only car in the dream was an old, bashed-up red sports car, and then the first message was somebody wanting to gift a red car.

Later when some residents were going up to 6th floor of Main Building somehow my antennas went up and I told them, "If you see anything unusual, inform me and don't touch anything." That sentence came out from nowhere, for every day people go up and I never say things like this. When they went up and opened the door of Paramahamsaji's room . . . the almirah door where his clothes are kept was open, his socks were hanging out of the almirah, his turban which he used to wear during programs was put on his chair, a geru dhoti was placed on his bed. This was the sight that we all saw when we went for darshan.

What was this? Was it a dream, or something real that happened? It was the darshan of Paramahamsaji and his presence at Ganga Darshan. Everyone in the ashram was invited to be a witness of this darshan. They did not have the dream, yet they saw the outcome of the dream.

With Swami Sivananda in Rishikesh

Last night I had another dream. I was in Rishikesh. The centenary celebration of Paramahamsaji were happening and one of the locations of the celebration was Rishikesh.

People had come from every part of India, and international participation was also huge. We could not have the program at Sivanandashram, as they had no space for the number of people who had gathered for the celebrations of Sri Swamiji's time in his guru's ashram. So we had pitched a big tent where we were conducting the program.

After conducting the program, I decided to have a quiet walk along the banks of the river Ganga, remembering the days that Sri Swamiji had spent in Sivanandashram, and trying to look for his footprints on the sand beside the river Ganga. I came to Sivanandashram where everything was painted white with *chuna*, as was the old tradition – the boundary walls were white, the buildings, the rooms, everything was pure white. I remember the white horse of my previous dream.

There was a small door in the boundary wall. I knocked on the door and one sannyasin of Rishikesh opened the gates. He knew that we were celebrating the centenary of Sri Swamiji in Rishikesh and he welcomed me in. I asked him, "Is Gurudev here?" meaning Sri Swami Sivanandaji. He said, "Yes, he is in the room. You will have to wait for some time. When he comes out, you can have his darshan." As I was walking in the gardens of the Rishikesh ashram I came upon a room. In that room, there was a lot of light and energy radiating. It felt like an electric current. I knew that Swami Sivanandaji was inside the room. I waited outside.

Then the doors opened and I walked in, Swami Sivanandaji was sitting on a big chair, facing to his right and talking to people who were standing around him. Everyone was about seven to eight feet away, for the energy was so intense that nobody could get close to him. When I tried to touch his feet and do my pranam, I could not. So I also sat down quietly about six feet away. I was watching Swami Sivanandaji interacting with people, and it was exactly as Paramahamsaji used to describe – multi-tasking.

Then Swami Sivanandaji turned his head, looked at me and said, "Your introduction?" "My name is Swami Niranjanananda.

I am also known as Swami Niranjan. I am a disciple of Swami Satyananda. I am your grandson." The smile and the look in his eyes is something I cannot forget. It was so tender, so welcoming, so beautiful. He took his left hand and put it on my head. I just felt a rush of energy from the top of the head, right through my body. Some great energy had entered the head and pervaded the whole body. I was transfixed and could not move.

Then he started asking, "Where is Satyam? How is my Satyam?" I answered, "He is fine." "Where is he?" I said, "He is not here today." Then he said, "Come, let's walk to the dining room. It is my meal time." He got up and there were steps going up and steps going down. He started climbing up and down those steps in a slow, unsure gait. I looked around for any of Sri Swamiji's helpers. Nobody was there to help and support him. So I went behind Swami Sivanandaji, and as he was climbing down I grabbed his arms from the back to ensure that he would not falter or sway. It was all a dream, yet the touch was of flesh and blood. Even now I can feel the softness of his arms and body. He said, "Come to my side." On his left side was the railing, so I went to the right side and grabbed his arms with both hands and we came down the stairs.

In his dining room, I take him to a table and he sits on the chair. A thali is in front of him, not a small one but a big one. One of the devotees of Swami Sivanandaji brings the food and tells me to serve him. Here I am serving Swami Sivanandaji who is looking at the food and saying, "Okay, enough. This much is okay. Give me that. Give me this. Enough is enough." It is a simple, natural interaction. While he is eating, I look out of the gate and I see the delegates of the convention who have come to the Annapoorna hall for a meal. I see people from

Colombia, Europe, France, Germany, England. I see sannyasins from India, Swami Gorakhnath, Swami Vajrapani, all the old and new people. I ask Gurudev Swami Sivanandaji, "There are many people outside who want to have your darshan." He says, "Call them in and introduce them."

I introduce them one by one, "This is Swami Gorakhnath, he is looking after the Bokaro ashram. This is Swami Vajrapani, he is looking after the Chennai ashram. This is swami such and such, he is looking after this ashram. This is swami such and such, who lives in Munger.

Then there are Colombians, Ignacio and Maria Teresa, with their children. I call them, and Ignacio, Sannyasi Agnideva says, "I cannot confront Swami Sivanandaji. There is too much energy. My heart is palpitating." He just sits down white-faced, "There is so much energy, I cannot handle it." There were Australians, Greeks, people from South America. I call each one of them and introduce them to Sri Swami Sivanandaji, and he looks at all of them. Then he says, "I have finished my lunch. Now take me to my room. I am going to rest." All the delegates hold hands and make a passage. Swami Sivanandaji walks looking at each one to their face, smiling at them and then sometimes raising his arms in blessing, and keeps on walking. That was the dream.

It was not a dream for me. When I woke up I could still feel his body, I could feel his back against my chest. It was not a feeling, it was an actual experience of flesh, bones, body heat, sweat, everything. And the smell of his body . . . it was a fragrance like incense. I woke up in the morning at 3:30 with that fragrance in my nose and with the feeling that I have just held in my hands our Paramguru, Sri Swami Sivanandaji. He did not come here; we all had gone to Rishikesh. ■

10 सितम्बर 2022 – गुरु शिष्य संबंध

इस श्रीलक्ष्मीनारायण यज्ञ के दौरान पूज्य गुरुदेव और परमगुरुदेव की जो अनुभूति हुई है और उनका जो दर्शन हुआ है, उसने मन में विचारों की एक शृंखला को शुरू किया है और एक चिंतन हो रहा है कि वास्तव में गुरु और शिष्य का संबंध कितना अनुपम और अद्वितीय होता है। लेकिन लोग इसको समझते नहीं हैं और आत्मसात् भी नहीं कर पाते हैं। चेला तो अनेक बनते हैं, लेकिन शिष्य कोई नहीं बनता। चेला का मतलब होता है, काम चलाना है और शिष्य का मतलब होता है, जो अपने शीश को समर्पित करता है।

गुरु गोविंद सिंह ने एक बार एक तंबू गाड़ा और अपने अनुयायियों से कहा कि जो मरना चाहता है वह इस तंबू में आए। एक-एक करके पाँच लोग गुरु गोविंद सिंह जी के साथ अंदर जाते हैं, जिनके हाथ में नंगी तलवार रहती है। कुछ समय पश्चात् गुरु गोविंद सिंह जी बाहर आते हैं और उस तलवार में रक्त दिखलायी देता है। सब सोचते हैं कि गुरुजी इनको तंबू के भीतर मार रहे हैं, लेकिन जो दृढ़ विश्वासी अनुयायी थे, वे अंदर जाते हैं। अंत में फिर गुरु

गोविंद सिंह बाहर आते हैं और आवाज देते हैं। वे पाँच शिष्य बाहर निकलते हैं, जीवित। किसका गला कटा था? एक बकरी का। इन पाँच लोगों को गुरु गोविंद सिंह जी पंच-प्यारे कहते हैं और उनको शिष्य कहते हैं।

हमारे गुरुजी ने एक बार हमसे कहा था कि देखो, अपनी कामना और अपनी वासना के लिये तो सब मरने को तैयार होते हैं, लेकिन गुरु के लिये मरने को बहुत-ही कम लोग तैयार होते हैं। सब अपनी वासना के लिये मरते हैं, सब अपनी कामना के लिये मरते हैं, लेकिन गुरु के लिये कोई मरना नहीं चाहता। यह बतलाता है कि हमारा समर्पण कितना अपरिपक्व है। हमारा समर्पण अज्ञान से लिप्त रहता है, और वास्तव में हम क्या समर्पण करते हैं? कुछ नहीं, बल्कि अगर इतिहास को देखोगे तो चेला ही गुरु का सबसे बड़ा आलोचक होता है और वही गुरु का त्याग करके बाहर में गुरु की बुराई करता है।

शिष्य अपने को हमेशा गुरु के समकक्ष मानता है। शिष्य हमेशा कहता है कि मैं ही प्रिय हूँ, लेकिन यह तो उसका अज्ञान है, अहंकार है। ऐसे शिष्य गुरु के आलोचक होते हैं, जो बाहर जाकर कहते हैं कि गुरुजी में ये दोष हैं, वे तो ऐसा करते हैं, वैसा करते हैं, वे आदर्श के विपरीत हैं। इस प्रकार हमेशा आलोचना के द्वारा गुरु को गलत साबित करने और खुद को सही साबित करने का प्रयास करते हैं। तो क्या ऐसे व्यक्ति शिष्य हैं, समर्पित हैं? हम तो ऐसे भी संन्यासियों को जानते हैं जो संन्यास लेकर आश्रम छोड़ देते हैं क्योंकि खिचड़ी-दाल ही मिलती है और किसी दूसरी संस्था में चले जाते हैं, क्योंकि वहाँ पर भोजन अच्छा मिलता है, लड्डू-पकवान मिलते हैं। जिस व्यक्ति के भीतर इस प्रकार की वासना है, वह किस प्रकार का शिष्य है?

गुरु तो इस विश्वास के साथ दीक्षा देते हैं कि तुम अब पढ़ाई करके पास करोगे, लेकिन शिष्य डिग्री मिलने के पश्चात् सोचता है कि वह सर्वसमर्थ है। गधे को अगर शेर की खाल पहना दी जाए, तो गधा शेर नहीं बनता। उसी प्रकार से किसी व्यक्ति को गेरू वस्त्र पहना दिया जाए तो वह संन्यासी नहीं बनता। जैसे गधा शेर की खाल पहनकर भी ढ़ेंचू-ढ़ेंचू करते रहता है, वैसे ही एक गैरिक वस्त्रधारी भी गैरिक वस्त्रों को पहनकर उसका सम्मान, गुरु का सम्मान न करके अपनी वासना और कामना के तृप्ति के लिये ही भागते रहता है और ऐसे शिष्य चाहते हैं कि मेरा अच्छा आश्रम बने, मेरे चेले भी हों, मैं प्रसिद्ध हो जाऊँ। जो अपना आश्रम बनाना चाहता है, जो प्रसिद्ध होना चाहता है, जो चेलों की भीड़ जमा करना चाहता है, वह कैसा समर्पित शिष्य है?

जब हम श्री स्वामीजी के अपने गुरु के साथ संबंध को देखते हैं तो प्रेम, निष्ठा एवं समर्पण का एक अद्भुत चरित्र दिखलायी देता है। खुद को भूलकर जब हम अपने आप को समर्पित करते हैं तो वही हमारे लिये अंतिम सत्य होता है और इस सत्य के साथ दूसरा भ्रांतिपूर्ण सत्य चल नहीं सकता है। लेकिन यह बहुत कठिन है और लोग इसे समझ नहीं पाते हैं, बल्कि बहाना बनाते हैं कि हम जैसे हैं गुरुजी ने वैसे ही हमें स्वीकार किया है। अरे, अगर गधे को शेर की खाल पहना दोगे तो वह शेर तो बनता नहीं है, बोझ ही ढोता है, और अगर बोझ ही ढोना है तो फिर शेर की खाल क्यों पहनना? गधे का ही स्वरूप लेकर चलो, लेकिन अगर गुरु तुम्हें शेर की खाल पहनाता है इस विश्वास के साथ कि तुम शेर बन सकते हो, तो बनने का भी तो एक प्रयास करो, क्योंकि गुरु ने तुम पर विश्वास किया है और तुम अविश्वासी हो। इसलिये हमने देखा है कि शिष्य की तरक्की नहीं होती है, न आध्यात्मिक न भौतिक। वह जहाँ का तहाँ पड़े रहता है और अंत में अपने जीवन को ही कोसता है कि मैंने अपना पूरा जीवन व्यर्थ गँवाया, मेरे पास अंत समय में न कुछ संपत्ति है, न चेले हैं, न छोटी-सी कुटिया या आश्रम है। चेला लोगों की ऐसी मानसिकता होती है।

इसीलिये कहा जाता है कि हर गुरु को एक ऐसे शिष्य की तलाश होती है, जो उसका हो सके और गुरु उसमें स्वयं को समाहित कर सके। श्रीरामकृष्ण परमहंस के अनेक शिष्य थे, लेकिन जब वे नरेंद्र को देखते हैं, तो एक ही वाक्य उनके मुँह से निकलता है, 'कब से मैं तुम्हारी प्रतीक्षा कर रहा हूँ!' अनेक शिष्यों में नरेंद्र ही स्वामी विवेकानन्द बनकर गुरु की आध्यात्मिक ऊर्जा के साथ एकाकार हुये। स्वामी शिवानन्द जी के भी अनेक शिष्य रहे, लेकिन उन्होंने स्वामी सत्यानन्द जी को अपना वास्तविक शिष्य और उत्तराधिकारी माना और ऐसा कहा भी। अगर हम इतिहास को देखते हैं तो हजारों-लाखों में शायद इक्के-दुक्के ही होते हैं, जो पूर्ण निष्ठा, समर्पण, भक्ति, श्रद्धा और विश्वास से युक्त होकर स्वयं को समर्पित करते हैं। श्रीरामचरितमानस में लिखा है –

भवानीशंकरौ वन्दे श्रद्धाविश्वासरूपिणौ।
याभ्यां विना न पश्यन्ति सिद्धाः स्वान्तःस्थमीश्वरम्॥

तुम सिद्ध हो सकते हो, लेकिन ईश्वर का दर्शन नहीं कर सकते हो, तुम कुछ चमत्कार भले ही कर दो, लेकिन ईश्वर का दर्शन, ईश्वर का अनुभव कभी नहीं होगा, जब तक तुम्हारे भीतर श्रद्धा और विश्वास न हो।

शिष्य की महानता यही होती है कि वह स्वयं को छोड़कर गुरु से एकाकार हो और शिष्य की दुर्गति तब होती है, जब वह चाहता है कि गुरु मेरे सभी कर्मों से सहमत हो और उनका सहारा मुझे मिलता रहे ताकि मैं उच्च पद को प्राप्त कर सकूँ, गद्दी पर बैठ सकूँ। बुरा नहीं मानना, लेकिन इतिहास में और वर्तमान में भी देखा गया है कि अनेक शिष्य लोग अपने गुरु को हटाने के फेरे में रहते हैं ताकि वे गद्दी पर बैठ सकें। क्या यही हमारी आध्यात्मिक संस्कृति है? क्या यही ईश्वर के प्रति हमारी श्रद्धा है? क्या गुरु के प्रति यही हमारा समर्पण है? मन में काला रंग पुता हुआ है, जिसे कोई साफ नहीं करना चाहता, बस काले रंग के ऊपर ही सफेद रंग को चढ़ाना चाहता है, ताकि वह साफ-सुथरा दिखे। लेकिन भीतर तो काला ही रहता है और कालेपन में ही हमारा पूरा जीवन बीतता है।

